**Thirteenth Loksabha**

**Session : 13**
**Date : 06-08-2003**

**Participants : Khelsai Singh Shri**

Title: Need to provide mobile services of VSNL in Sarguja Parliamentary Constituency from Vishrampur town in Chattisgarh.

श्री खेलसाय सिंह (सरगुजा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि वी.एस.एन.एल. की मोबाइल सेवा मेरे क्षेत्र में विश्रामपुर से मुहैया कराने की अनुमति दें। यहां से 30 कि.मी. की दूरी पर जिला मुख्यालय अम्बिकापुर से सेवा शुरू हो गई है और यह 15 किलोमीटर तक ही कवर करता है। विश्रामपुर एक कोयला बाहुल्य क्षेत्र है और यहां एस.ई.सी.एल. खदान का कार्य कर रहा है। यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है।

अतः मैं संचार मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि विश्रामपुर, जिला सरगुजा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से वी.एस.एन.एल. की मोबाइल सेवा चालू करने की अनुमति दें।